हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 6.2 डिग्री

डीटीपी का झज्जर रोड पर एक्शन, चार एकड़ की अवैध कॉलोनी की जमींदोज 12



मोहनपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित डीसी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं 12



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने बुड़ाना गांव में अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बुड़ाना निवासी संजय अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर छापा मारा। आरोपी के कब्जे से देशी शराब की 37 बोतल बरामद हुईं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत के दर्ज कर लिया। आरोपी को बाद में पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने सड़क हादसे में एक महिला के गंभीर रूप से घायल होने के बाद 3 दिसंबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के शीथल निवासी दमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। सिटी पुलिस ने 5 दिसंबर को दर्ज किए गए मामले में रूध निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे, परंतु सहमति नहीं बनी। पुलिस ने 8 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने गुरूग्राम के खेड़की निवासी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### सट्टा खाईवाली करने का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि हिसार के पाबड़ा निवासी उदयभान सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर उसके पास भेज दिया। जैसे ही उसने सट्टे का नंबर लगाया, पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया। उसके कब्जे से सट्टे की 3750 रुपये राशि और पर्चियां बरामद हुईं। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत दिनों आरोपी खानपुर रोड धारूहेड़ा निवासी अजय के खिलाफ पोक्स एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** नैनसुखपुरा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरापियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पीड़ति के बयान पर गत 29 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने मारपीट मामले की जांच के बाद दो आरोपियों नैनसुखपुरा निवासी जयवीर और दीपेश को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

*मंगलवार को हड़ताल के दूसरे दिन सूना नजर आया नागरिक अस्पताल*

# अल्ट्रासाउंड के लिए महिला को स्ट्रेचर पर लेकर भटकता रहा परिवार, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी खली

## आम दिनों की अपेक्षा घट गई ओपीडी, नहीं किए गए ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज प्रदेश की कोर कमेटी के आह्वान पर जिले के नागरिक अस्पताल सहित सीएचसी व पीएचसी में सरकारी डॉक्टर्स की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के दूसरे दिन नागरिक अस्पताल परिसर सूना-सूना नजर आया, वहीं आम दिनों में ली जाने वाली ओपीडी भी घटकर कम हो गई। मंगलवार को परिवार के लोग बुजुर्ग महिला को स्ट्रेचर पर लेकर इधर-उधर भटकते रहे, लेकिन महिला का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाया। एसोसिएशन की प्रदेश कोर कमेटी की ओर से मांगे पूरी होने तक अनिश्चितकालीन तक जारी रखने का भी फैसला लिया गया है। हड़ताल के दौरान जहां जिले में पहले दिन मिला-जुला असर दिखाई दिया। मंगलवार को मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हांलाकि नागरिक अस्पताल में ओपीडी में कंस्लटेंट डॉक्टर्स, आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर, सीएचओ, एनएचएम व बीएएमएस की ड्यूटी लगी रही, लेकिन स्पेशलिस्ट डॉक्टर न



होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में दूसरे दिन भी अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाए। मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए आगामी डेट दी गई और न ही आंखों के ऑपरेशन हो सके। सिर्फ गायनी में सिजेरियन व सामान्य डिलीवरी हो पाई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार जहां पहले दिन नागरिक अस्पताल में कुल 1300 से अधिक ओपीडी हुई है। मंगलवार को ओपीडी घटकर 1166 रही। नागरिक अस्पताल में आमदिनों में ओपीडी 1800 के करीब तक पहुंच जाती है। जिले के नागरिक अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 144 सरकारी चिकित्सकों में से 113 हड़ताल पर है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल में 2 पोस्टमार्टम भी किए गए। हड़ताल को देखते हुए गुरुग्राम से आर्थो के 2, ईएनटी के 2, सर्जरी के 1, गायनी के 1, रेडियोलॉजी 1 व पैथोलॉजी का एक डॉक्टर बुलाया गया है।



रेवाड़ी। अल्ट्रासाउंड के लिए महिला को लेकर भटकता परिवार। फोटो : हरिभूमि

### इन परेशानियों का करना पड़ा सामना

नागरिक अस्पताल में सबसे ज्यादा ओपीडी आंखों की होती है, लेकिन हड़ताल के कारण आंखों की ओपीडी सूनी रही। अमूमल आंखों की ओपीडी 250 पार हो जाती है। मेडिसिन में कंसल्टेंट डॉक्टर व सीएचओ तैनात रहे। विशेषज्ञ डॉक्टर न होने के कारण ओपीडी घट गई। ईएनटी, स्किन, मनोरोग, बालरोग व गायनी विभाग में भी स्पेशलिस्ट की जगह एमबीबीएस, सीएचओ व एएमओ ने ओपीडी ली। गायनी को छोड़कर सभी जगह रोजना से ओपीडी काफी कम रही। अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ा। ट्रॉमा सेंटर की इमरजेंसी में भी चिकित्सकों के वैकल्पिक इंतजाम किए गए। ऑर्थो की ओपीडी में मरीजों के प्लास्टर भी नहीं खोले जा सके तथा नहीं किसी मरीज का ऑपरेशन किया गया।




रेवाड़ी। अस्पताल में ओपीडी स्लिप बनवाते लोग। फोटो : हरिभूमि

### एसएमओ की सीधी भर्ती पर लगे रोक

*एचसीएमएस एसोसिएशन की जिला प्रधान डा. सुधा यादव ने कहा कि कैडर नियमों के विरुद्ध एसएमओ की सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एसएमओ के 644 पद स्वीकृत है, जिसमें 200 पद रिक्त पड़े है। इनमें 160 पद डायरेक्ट सीएमओ भर्ती के लिए आरक्षित है। पहले से स्वीकृत संशोधित एसीपी संरचना को शीघ्र अधिसूचित किया जाए, जोकि पिछले 16 महीनों से लंबित है। उन्होंने 4, 9, 13 व 20 साल की सेवा पर एसीपी देने तथा तीसरे ग्रेड पे पर 9500 रुपये की डिमांड की। प्रधान डा. सुधा यादव ने कहा कि सरकार की ओर से उनकी मुख्य मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।*

### किसी मरीज की हालत बिगड़ी तो कौन जिम्मेदार



एचसीएमएस एसोसिएशन का मानना है कि आखों के मरीजों को फिजिशियन देखकर दवाई लिख रहे हैं। इसी प्रकार हृदय व चर्म रोग की समस्याओं को लेकर पहुंच रहे मरीजों को होम्योपैथिक, आयुष विशेषज्ञ और अन्य चिकित्सक देख रहे हैं। ऐसे में यदि दवाई का साइड इफेक्ट या मरीज की हालत खराब होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा और किसकी जवाबदेही होगी।
-डा. सुधा यादव, प्रधान एचसीएमएस।

# युवक पर फायरिंग कर हमला करने का छठा आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी राजबीर उर्फ राज। फोटो : हरिभूमि

■ पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए रेवाड़ी ने गत 23 अगस्त को शहर के मोहल्ला भजन का बाग में एक युवक पर फायरिंग करके जानलेवा हमला करने के मामले में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला गुर्जरवाडा निवासी राजबीर उर्फ राज के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मोहल्ला भजन का बाग निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 23 अगस्त को शाम के समय उनका लड़का रोहित उर्फ कालिया घर का कुलर ठीक कराने के लिए बहार गया था। करीब समय शाम 3:30 बजे जब वह घर पर वापस लौट रहा था, तभी तीन युवक उसका पीछा करते हुए घर पर आ गए। रोहित ने शोर मचाया कि कुछ युवक उस पर गोली चला रहे है। इस दौरान उनमे से दो युवकों ने रोहित को पकड़ लिया और रोहित उनसे छुड़ाने की कोशिश में घर के अंदर आ गया।

#### आरोपी फरार हो गए

तभी एक आरोपी ने अपने हथियार से रोहित पर गोली चला दी, जो गोली रोहित की पीठ पर लगी। गोली लगने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।रोहित को इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त पांच आरोपी मोहल्ला कंपनी बाग निवासी दीपांशु उर्फ यशु, मोहल्ला गुर्जरवाडा निवासी हिमांशु उर्फ लाला,मोहल्ला खासापुरा निवासी सूजल, गांव मोहल्ला गुर्जरवाडा हाल आबाद मोहल्ला मुक्तिवाडा निवासी इंद्र व गांव गुर्जर माजरी निवासी नीरपाल उर्फ गुल्लू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी हिमांशु उर्फ लाला व सूजल से वारदात में प्रयोग किए गए दो देशी कट्टे, तीन जिन्दा रोंद व एक खाली खोल भी बरामद किए थे। सीआईए ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी राजबीर उर्फ राज को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# 120 ग्राम नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत अवैध नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव रोहड़ाई हाल आबाद मोहल्ला आदर्श नगर कुतुबपुर निवासी अजय के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 120 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। गत 8 दिसम्बर को पुलिस को सूचना मिली थी की आरोपी अजय मोहल्ला देवनगर में जोहड़ के पास गांजा बेचने के लिए खड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके से आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत 248 से अधिक स्थानों पर छापेमारी, 57 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिले में अपराध और नशे पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत जिला पुलिस ने पिछले आठ दिनों में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नशा तस्करी, अवैध हथियार, अवैध शराब व जुआ-सट्टा सहित फरार अपराधियों के खिलाफ जिले भर में सघन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस की टीमों ने पिछले आठ दिनों में जिले के 248 से अधिक संदिग्ध स्थानोंपर छापेमारी की और विभिन्न अपराधों में संलिप्त 57 आरोपियों को गिरफ्तार किया।



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

■ अभियान के तहत पुलिस ने 279 ग्राम गांजा, 14.88 ग्राम स्मैक, प्रतिबंधित दवाईयों के 240 कैप्सूल और 10.75 ग्राम सुल्फा बरामद किया

### पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई

अभियान के तहत पुलिस ने 279 ग्राम गांजा, 14.88 ग्राम स्मैक, प्रतिबंधित दवाईयों के 240 कैप्सूल और 10.75 ग्राम सुल्फा बरामद किया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामलों में 2 देशी कट्टे, 1 जिंदा रौंद व 1 मैगजीन बरामद की। पुलिस की ओर से 572 बोतल देसी शराब और 19 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई। जुआ अधिनियम के तहत आरोपियों के पास से 61475 रुपये की नकदी बरामद की गई। अभियान के तहत पुलिस ने 7 फरार हिंसक अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से झुग्गी-बस्तियों में करीब 80 से ज्यादा कंबल व गर्म कपड़े भी वितरित किए। एसपी मीणा ने कहा कि अपराध और नशे के खिलाफ भविष्य में भी हॉटस्पॉट्स चिन्हित कर ऐसे ही औचक निरीक्षण और कार्रवाई की जाएगी ताकि जिले में कानून व्यवस्था और शांति बनी रहे।

# रुपये डॉलर में कन्वर्ट करने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत वर्ष अप्रैल माह में रुपये डॉलर में कन्वर्ट करने के नाम पर लगभग 1.45 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को दर्ज शिकायत में गुरूग्राम के मंदपुरा निवासी विकास यादव ने बताया था कि वह वर्ष 2007 से सेक्टर-4 में रह रहा है। वह न्यूट्रीशन का कार्य करता है। उसने रुपये डॉलर में कन्वर्ट करने के लिए मोबाइल फोन पर प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड की थी। 29 अप्रैल 2009 को उसने सेलर ऑप्शन में जाकर 74149 रुपये का ऑर्डर किया था। उसे 15 मिनट में इसकी पेमेंट करनी थी, परंतु तय सीमा में वह पेमेंट नहीं कर सका। इसके बाद उसके पास एक नंबर से फोन आया। उसने बताया कि उसके पास डॉलर हैं। वह रुपयों को डॉलर में कन्वर्ट करा सकता है। कई ट्रांजेक्शन के जरिए उससे 144538 रुपये यूपीआई के जरिए ट्रांसफर करा लिए। उसने फोन उठाना बंद कर दिया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर 3 मई 2024 को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के कोटपुतली के गांव बावड़ी की ढाणी कोलाहेड़ा निवासी बिरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उसके बैंक खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने के लालच में ठगी करने का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने अप्रैल माह में एक कंपनी कर्मचारी को ऑनलाइन टास्क के बदले मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर लगभग सवा लाख रुपये की ठगी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। धारूहेड़ा की एक कंपनी में कार्य करने वाले मूल रूप से यूपी के गिदौरा निवासी दीपक शर्मा ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसे टेलीग्राम पर एक गुरप से जोड़ा गया था। मैसेज भेजकर उसे ऑनलाइन टास्क करने पर मोटा पैसा कमाने का लालच दिया गया था। शुरूआत में उसे कम भुगतान से टास्क शुरू करने के कहा। उसने पहले कम पैसा जमा कराया, जिसके बदले अच्छा मुनाफा दिया गया। इसके बाद वह जाल में फंसता चला गया। उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए 124600 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए, परंतु वापस कोई पैसा नहीं मिला।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### 19 अप्रैल को केस दर्ज हुआ था

साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर 19 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के गांव आसौलिया की मादड़ी निवासी भरत को गिरफ्तार किया है। उसके खाते में ठगी के 49300 रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया। मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

*तीन दिन बाद मौसम में बदलाव की संभावना, प्रदूषण की समस्या भी होने लगी कम*

# पारा गिरने के बावजूद मौसम गर्म, तेज धूप से ठंड का असर गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

तापमान में मामूली गिरावट के बावजूद मौसम का मिजाज गर्म बना हुआ है। दिन के समय तेज धूप के कारण ठंड गायब हो रही है। सुबह और शाम के समय ही ठंड का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। तीन दिन बाद मौसम में बदलाव आने की संभावना जताई जा रही है। दिन के समय मौसम गर्म रहने के कारण प्रदूषण की समस्या भी कम होने लगी है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप निकलने के बाद दोपहर तक ठंड का असर पूरी तरह गायब हो गया। दोपहर के समय गर्म कपड़े भी शरीर को चुभने शुरू हो गए। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 25.0 डिग्री दर्ज किया गया। हवाओं की गति 13 किमी प्रति घंटा रही, जबकि नमी का स्तर 55 प्रतिशत तक रहा। रात का तापमान 0.2 डिग्री गिरकर 6.2 डिग्री पर आ गया। दिन का तापमान सामान्य से 4.0 डिग्री सेल्सियस ज्यादा माना जा रहा है। गत वर्ष 9 दिसंबर को अधिकतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि रात का तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। दिन के समय मौसम का गर्म मिजाज परेशानी भी देने लगा है।



रेवाड़ी। एक खेत में बढ़ रही पछेती सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### प्रदूषण का स्तर होने लगा कम


दिन के समय तेज धूप और हवा की गति बढ़ने से प्रदूषण का स्तर भी कम होने लगा है। मंगलवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई कम होकर 200 के आसपास आ गया। इससे लोगों को सुबह के समय आसमान में छाए रहने वाले धूल और धुआं से भी राहत मिलने लगी है। दूसरी ओर तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आने से किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। मौसम का गर्म मिजाज फसलों के लिए नुकसानदायी साबित हो सकता है। ऐसे में किसानों की नजरें आसमान की ओर लगी हुई हैं।

### सीजन में अभी तक कोहरा शुरू नहीं हुआ

मौसम विभाग के अनुसार 13 दिसंबर से मौसम में बदलाव आ सकता है। आसमान में बादल छाने के बाद कोहरे का असर शुरू हो सकता है। इस सीजन में अभी तक कोहरा शुरू नहीं हुआ है। बादलों के साथ अगर बूंदाबांदी होती है, तो इससे कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा।

### युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान दी

**रेवाड़ी।** भगत सिंह कॉलोनी में करीब 41 वर्षीय युवक ने अपने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। आतमहत्या के कारणों की जांच की जा रही है। कॉलोनी में रहने वाला शर्मा रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गया था। मंगलवार सुबह जब वह देर तक कमरे स बाहर नहीं आया तो परिजनों ने उसके कमरे में झांककर देखा। उसका शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। मॉडल टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। वारदात स्थल को खंगालने के बाद किसी तरह का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style



# सारा
## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।

हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी' कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?' 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम



बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।

# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉड्‌र्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

## अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

## कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।



## इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

## इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।









**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

**खबर संक्षेप**



## एसडीएम ने पटवारखाने का किया औचक निरीक्षण

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम कनिका गोयल ने मंगलवार को रविदास मंदिर स्थित पटवारखानों का औचक निरीक्षण कर पटवारियों के भूमि रिकॉर्ड, खातों और दैनिक रजिस्टर (रोजनामचे) की जांच की। एसडीएम ने पटवारियों को प्रशासनिक कामकाज और भूमि संबंधी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और अभिलेखों को अपडेट रखने के निर्देश दिए।

## शहादत दिवस पर स्मृति सभा 19 को

**नारनौल।** आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, राजेंद्र नाथ लाहिडी व रोशन सिंह के 98वें शहादत दिवस पर स्मृति सभा का आयोजन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन, शहीद व महापुरुष यादगार कमेटी की तरफ से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन के जिला संयोजक सतीश कुमार ने बताया कि 19 दिसंबर सुबह 11 बजे सुभाष पार्क में स्मृति सभा का आयोजन किया जाएगा।

## राजेंद्र लोढ़ा के निधन पर विधायक ने जताया शोक

**कनीना।** नगर पालिका के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा के निधन पर मंगलवार को महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव सहित विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारियों ने शोक जताया। कनीना स्थित उनके आवास पर शोक संवेदना जताने वालों का बोलबाला रहा। उनके पुत्र एडवोकेट जेपी यादव ने बताया कि 15 दिसबंर को रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र किए वितरित

**महेंद्रगढ़।** गांव दुलोठ अहीर में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कैप्टन गजराज सिंह यादव द्वारा गत दिवस गर्म वस्त्र वितरित किए, जिसमें मुख्यातिथि यदुवंशी शिक्षा निकेतन के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कप्तान हंसराज यादव रहे। उन्होंने विद्यालय के बच्चों को संबोधित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसमें विद्यालय प्रिंसिपल प्रोफेसर रणवीर सिंह व समस्त स्टाफ एवं गांव के पूर्व फोरमैन दयाराम यादव, डॉ. अश्वनी कुमार, राजकुमार यादव एवं बिरमा देवी पत्नी कैप्टन गजराज सिंह यादव ने अपना सहयोग दिया।

## खेड़ी तलवाना में भंडारे का किया आयोजन

**नारनौल।** बाबा ज्ञानगिरी सेवा समिति के तत्वावधान में बरसावल धाम खेड़ी तलवाना पर सिद्ध संत ज्ञानगिरी महाराज का चौथा भंडारा आयोजित किया गया। प्रातः हवन यज्ञ कर भंडारा का शुभारंभ किया। प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने बाबा ज्ञानगिरी की मूर्ति पर चादर चढ़ाकर इलाके में सुख शांति की कामना की। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

कई श्रेणियों में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना की राशि में किया इजाफा, 6 माह की अवधि में करवाएं विवाह पंजीकरण

# प्रो. एक्टिव मोड पर मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार ने समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना को प्रो एक्टिव मोड में कर दिया है। इसके तहत प्रार्थी को विवाह के छह माह की अवधि में विवाह पंजीकरण करवाते हुए ऑनलाइन पोर्टल पर योजना के तहत आवेदन करना होता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातीय एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग की ओर से संचालित की जा रही इस योजना के तहत प्रार्थी की परिवार पहचान पत्र यानी पीपीपी में पारिवारिक वार्षिक आय 1.80 हजार रुपये तक होनी चाहिए।



### लड़कियों की शादी पर सरकार दे रही 71 हजार का अनुदान

अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, टपरिवास जाति के लोगों की लड़कियों की शादी पर सरकार 71000 रुपये मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दे रही है। इसी प्रकार समाज के सभी वर्गों की विधवाओं, तलाकशुदा, अनाथ, बेसहारा उनके पुनर्विवाह पर बशर्ते उन्होंने पहली शादी के अवसर पर इस योजना का लाभ न लिया हो तथा विधवा स्त्रियों को उनकी लड़कियों की शादी के अवसर पर 51000 की राशि दी जाती है। महिला खिलाड़ी किसी भी वर्ग की, को उनकी स्वयं की शादी पर अब 41000 की बजाय 51000 की सहायता राशि दी जाएगी।

### इन वर्गों में भी की बढ़ोतरी

इसी प्रकार सामान्य वर्ग के व्यक्तियों को उनकी लड़की की शादी पर 41000 रुपये मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दिए जाएंगे। पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को उनकी लड़कियों की शादी पर 41000 की बजाय अब 51000 रुपये दिए जाएंगे। वहीं दिव्यांग पर यदि जोड़े में से दोनों पति पत्नी दिव्यांग हो तो उन्हें 51000 की सहायता राशि दी जाती है। अब यदि जोड़े में से कोई एक पति या पत्नी दिव्यांग हो तो उन्हें अब 41000 रुपये की बजाय 51000 की राशि दी जाएगी।

### क्या कहते है अधिकारी

जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अब तक इस वर्ष कुल 1106 नागरिकों ने फायदा उठाया है।

---

बैठक खण्ड प्रधान सुआलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई

# रिटायर्ड कर्मचारी सरकार की पेंशनर्स विरोधी नीति के खिलाफ गरजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रिटायर्ड कर्मचारी संघ खण्ड नारनौल की मीटिंग खण्ड प्रधान सुआलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता राज्य सचिव एवं प्रभारी धर्मपाल शर्मा तथा पूर्व राज्य उपप्रधान जगनलाल निनानिया थे। बैठक का संचालन खण्ड सचिव ताराचंद सैनी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा धर्मपाल शर्मा ने कहा कि भारत सरकार की नीयत ठीक नहीं है। सरकार का यह कहना कि पेंशन अनफनडीड है, नॉन कन्टीब्यूट्री है अर्थात बजट का अभाव बताया जाना, यह मंशा सही नहीं है। इसके विरोध में पूरे भारत में जिला मुख्यालयों पर अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फैडरेशन के आह्वान पर तथा रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के निर्देश पर 17 दिसम्बर को धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे से दोपहर एक तक किया जाएगा तथा उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम केंद्र सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। ज्ञापन में वित्त विधेयक 2025 पारित के विरोध में अन्य मांगों सहित ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स विरोधी वित्त विधेयक 2025 का प्रभाव स्पष्ट रूप से सरकार द्वारा अधिसूचित आठवां वेतन पुनरीक्षण आयोग के लिए स्वीकृत विचारणीय बिंदु (टर्मस आफ रिफरेंस) में देखने को मिला है। पेंशन पुनरीक्षण की चर्चा किए बिना इसमें गैर अंशदायी पेंशन पर होने वाले खर्च का आंकलन करने हेतु कहा गया है। यह शब्दावली बिल्कुल नया और अभूतपूर्व है। इससे सरकार की मंशा स्पष्ट और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के विपरीत है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयानुसार पेंशन सेवानिवृत्त कर्मियों का मौलिक अधिकार है, जिसे अर्थाभाव का बहाना बनाकर रोका नहीं जा सकता है। सरकारी कर्मचारियों के साथ ही इनका पेंशन पुनरीक्षण होना है। पेंशनर्स के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव पैदा नहीं किया जा सकता है। यही कारण है कि केंद्रीय कर्मियों के विभिन्न संगठनों के साथ राज्य सरकारी कर्मचारी का सबसे बड़ा संगठन अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ इसका विरोध कर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष जगनलाल निनानियां ने कहा कि सभी को कैशलेस इलाज की सभी अस्पतालों में फ्री इलाज व मैडिकल भत्ता 3000 हजार रुपये कम्युटेशन की वसुली 11 साल तक की जाए।



नारनौल। मीटिंग को संबोधित करते मास्टर धर्मपाल शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### प्रधान ने किया धन्यवाद

इस मौके पर जिला प्रधान घनश्याम दास शर्मा ने सभी पदाधिकारी व सदस्यों का बैठक में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया और सदस्य संख्या संघर्ष फंड बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में सतपाल शर्मा, गुरदयाल सिंह नाहर, ओमप्रकाश दायमा, राममेहर, मामन राम, कंवल सिंह, रामसिंह, कमल सिंह, राजकुमार बनाराम, रामसिंह व सुखचैन सिंह आदि रहे।

---

## ऑल हरियाणा नेवल वेटरन्स का राज्य स्तरीय समागम आयोजित



**नारनौल।** फैजाबाद के राज मंदिर गार्डन में नेवल वेटरन्स द्वारा पूरे हरियाणा नेवल वेटरन्स का राज्यस्तरीय समागम आयोजित किया गया। इस दौरान पूरे हरियाणा एनसीआर, दिल्ली व राजस्थान से लगभग तीन हजार से अधिक पूर्व नौसैनिक उपस्थित हुए। महेंद्रगढ़ की धरती पर यह पहला अवसर था, जब इतने बड़े पैमाने पर भारतीय नौसेना के पूर्व सैनिक एक मंच पर एकत्रित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षत कौशल सिंह ने की तथा सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ 91 वर्षीय कैप्टन इन्द्र सिंह एवं कैप्टन आरएस अहलावत द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच पर नेवल वेटरन्स के प्रधान सतबीर सिंह, सचिव नरेंद्र सिंह, डिप्टी डायरेक्टर सावंत सिंह, कोषाध्यक्ष, कृष्ण नीरपुर, खजांची सुरेश कुमार एवं रतन सिंह उपस्थित रहे। कप्तान इंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा नेवल वेटरन्स का बीज 54 वर्ष पूर्व एक छोटे से कमरे में मात्र 25 सैनिकों के साथ बोया गया था, जो आज एक विशाल वटवृक्ष के रूप में फल-फूल रहा है। कार्यक्रम में मंच संचालन कमांडो नरपत सिंह, बिरेंद्र तथा अनिल भगड़ना ने निभाया। डॉ. विनीत एवं नरेश कुमार कार्यक्रम का विशेष योगदान रहा।

---

त्रिवार्षिक चुनाव पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस कार्यालयस में हुआ

# रमेश चंद्र यादव छठी बार निर्विरोध बने मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के जिला प्रधान

- चुनाव पर्यवेक्षक राज्य सजन सिंह भारद्वाज व सरजीत खेड़ा की अगुवाई में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि नंबर 41) सम्बंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ मुख्यालय चरखी दादरी का पब्लिक हेल्थ ब्रांच नारनौल का त्रिवार्षिक चुनाव मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस यूनियन कार्यलय में हुआ। यह चुनाव पर्यवेक्षक राज्य सजन सिंह भारद्वाज व सरजीत खेड़ा की अगुवाई में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रधान रमेश चन्द्र यादव को चुना गया। रमेश यादव लगातार छठी बार निर्विरोध प्रधान बने हैं।



नारनौल। चुने गए पदाधिकारियों को फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए।

### नवनियुक्त पदाधिकारी

इसी प्रकार सचिव संदीप जांगड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव, चेयरमैन राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान रामचंद्र शर्मा, प्रेस सचिव रामशरण यादव, मुख्य सलाहकार कृष्ण शर्मा, दलीप कुमार, सुरेश कुमार भूषण, कैलाश चंद सैनी, सहसचिव पवन सैनी को चुना गया। इसी कड़ी में अमित यादव, सुनील सैनी, एचकेआरएन के प्रधान मास्टर शेरसिंह, उपप्रधान जोगेंद्र, महीपाल, हवासिंह, राजबीर व उमाशंकर को सर्वसम्मति से चुना गया। इस मौके पर बी एंड आर इलेक्ट्रिक ब्रांच नारनौल का भी त्रिवार्षिक चुनाव हुआ, जिसमें प्रधान बाबू लाल, सचिव जसविंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष प्रवीण सोनी, चेयरमैन नरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान नरेंद्र सिंह को भी सर्वसम्मति से चुना गया। चुने गए पदाधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि सभी कर्मचारियों कि जायज मांगों को प्रमुखता से उठाएंगे। इस मौके पर अन्य संगठन छोड़कर रजिस्टर नम्बर 41 में आस्था रखते हुए दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने सदस्यता ग्रहण की। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

---

## चुनाव में थोड़ा सा समझ लेते तो ताज भी होता और राज भी: राव दानसिंह

- जिला बार एसोसिएशन में पूर्व संसदीय सचिव राव दानसिंह के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित

**नारनौल।** जिला बार एसोसिएशन को डिजिटल लाइब्रेरी के लिए पूर्व संसदीय सचिव राव दानसिंह ने 11 लाख की अनुदान राशि दी है। इसी सहयोग के लिए जिला बार एसोसिएशन ने मंगलवार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान यहां आए राव दानसिंह ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन की ओर से किए गए सम्मान समारोह में पहुंचकर वे अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वे पिछले कई दिनों से सोच रहे थे कि बार एसोसिएशन में जाकर अपने भाइयों के बीच बैठकर दिल की बात साझा करें, उनके सुख-दुख जाने। उन्होंने कहा कि अधिकांश बार एसोसिएशन के अधिवक्ता समय-समय पर स्कूल व कॉलेज शिक्षा काल के सहपाठी रहे हैं, जो इस समय मौजूद बैठे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता जसबीर ढिल्लो, अजय चौधरी, करण सिंह यादव, बजरंग जांगड़ा, ललित तंवर, ओमप्रकाश मांदी वाले, करण सिंह भोजावास वाले, सुरेंद्र ढिल्लो, कुलदीप भरगढ़, सेवानिवृत्ति सेशन जज राकेश यादव, बार एसोसिएशन के उप प्रधान विकास सांगवान, सचिव प्रदीप यादव, सहसचिव चंद्र देव, कोषाध्यक्ष सुगन सिंह, लाइब्रेरियन प्रवीण यादव रघुनाथपुरा, कार्तिक यादव मौजूद रहे।



नारनौल। पूर्व संसदीय राव दानसिंह को स्मृति भेंट करते जिला बार एसोसिएशन के सदस्य।

---

## सूरज स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सूरज स्कूल में दो दिवसीय अन्तर्विद्यालय वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगित में भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद और निदेशिका गायत्री यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके बाद विद्यार्थियों ने बैंड के साथ मार्च पास्ट निकालकर मुख्यातिथि को सलामी दी। खेल प्रतियोगिता से पहले विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके पश्चात विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। मुख्यातिथि संदीप प्रसाद ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तक पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा तक सीमित होना नही है अपितु विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, शारीरिक श्रम व खेल भावना को बढ़ाने में खेल प्रतियोगिता की भी अहम योगदान है। निदेशिका गायत्री यादव ने रिबन काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। खेल प्रतियोगिता में 1500, 800, 400, 200 एवं 100 मीटर की दौड़ सहित लंबीकूद, उंचीकूद, खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक आदि प्रतियागिताएं आयोजित की गईं।



महेंद्रगढ। रिबन काटकर खेल प्रतियोगिता शुभारंभ करती हुई।

## अटेली में आर्य समाज का वार्षिक उत्सव शुरू

**मंडी अटेली।** आर्य समाज अटेली का मंगलवार को दो दिवसीय 22वां वार्षिक उत्सव सम्मेलन प्रारंभ हुआ है। सर्वप्रथम सुबह हवन के साथ सम्मेलन का प्रारंभ हुआ। समारोह में भजनोपदेशक के माध्यम से स्वामी दयानन्द के विचारों व दर्शन को आगे बढ़ाया। सम्मेलन का उद्घाटन मार्केट कमेटी अटेली के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने किया, जबकि अटेली सरपंच एसोसिएशन के पूर्व प्रधान कुलदीप सरपंच मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आमंत्रित विद्वानों में भजनोपदेशक में हंसानंद हंस, महात्मा यशदेव, हरिशंकर अग्निहोत्री, कैलाश कर्मठ, ओमवीर आर्य, स्वामी समर्पणानन्द दड़ौली आश्रम, पंडित विजय पाल आर्य मौजूद रहे।

## सपनों को पंख तब मिलते हैं, जब मेहनत ईमानदार हो और मार्गदर्शन सशक्त

- जिला स्तरीय द्वितीय किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला स्तरीय द्वितीय किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल अटेली के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। महेन्द्रगढ़ के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन वीडीआईएस के होनहारों ने अपने जुनून व मेहनत से सबको पीछे छोड़ते हुए बाजी मारी। विद्यालय के डायरेक्टर विक्रांत यादव ने बताया कि विद्या देवी विद्यालय की टीम ने शानदार उपलब्धियां हासिल की। मिक्स्ड 4×100 मीटर रिले दौड़ में प्रथम कुनाल, साक्षी, गौरव, मानसी, लड़कियों की 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में साक्षी, ईशिका, मानसी, अक्षिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 12 आयु वर्ग 60 मीटर दौड़ में साक्षी प्रथम, लंबीकूद में साक्षी द्वितीय, बैक थ्रो में अक्षिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार यादव ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हर जीत के पीछे होता है निरंतर अभ्यास, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास।



नारनौल। स्कूल में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

---

## हॉटस्पॉट डॉमिनेशन: जुए के अड्डों पर छापेमारी में 11 गिरफ्तार, नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिले में आपराधिक गतिविधियों और सार्वजनिक स्थानों पर जुए-सट्टे जैसी सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसपी पूजा वशिष्ठ के कुशल नेतृत्व और सख्त दिशा-निर्देशों पर पुलिस द्वारा ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन चलाया जा रहा है।

इस विशेष अभियान के तहत पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जुए के अड्डों पर बड़ी कार्रवाई की है। महेंद्रगढ़ पुलिस ने बीते 24 घंटों में दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेल रहे 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

### शमशान घाट के पास से चार काबू

थाना सदर महेंद्रगढ़ की टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव निहालावास की बणी में शमशान घाट के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर रेड की। पुलिस ने मौके से घेराबंदी कर चार व्यक्तियों को काबू किया, जिनकी पहचान अजीत, रणसिंह, मुकेश कुमार और जितेन्द्र के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से कुल 10,112 रुपये की नकदी और 52 ताश के पत्ते बरामद किए। आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

### फैक्ट्री के पीछे छापेमारी

थाना सदर कनीना की पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव सेहलंग में टाइल फैक्ट्री के पीछे कुछ लड़के जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने सुनियोजित तरीके से रेड करते हुए मौके से सात नौजवानों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान धर्मबीर, धर्मबीर, रवि, आकाश, रामकिशन, सतीश और विपिन के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से 2,940 रुपये नकद और ताश के 104 पत्ते बरामद किए हैं। सभी के खिलाफ थाना सदर कनीना में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। एसपी पूजा वशिष्ठ ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलना, शराब पीना या हुड़दंग मचाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह, विधायक अनिल डहिना की उपस्थित में लिया निर्णय

क्षेत्र की गोशालाओं को भी दिया लाखों रुपये का दान

# चेयरमैन जगदेव यादव ने बेटे के विवाह में करोड़ों रुपये लौटाकर की दहेज प्रथा पर करारी चोट

- जिलेभर में चल रही दहेज रहित शादी की चर्चाएं, हो रही सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

सब डिवीजन के गांव ककराला में आयोजित विवाह समारोह में एसडी ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन जगदेव यादव ने कीमती सामान व दहेज लौटकर प्रेरणादायी मिसाल कायम की है। जिसकी चर्चा समूचे क्षेत्र में चल रही है। विद्यालय में विद्यार्थियों को नशाखोरी व दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई को समूल नष्ट करने की शिक्षा देने वाले विद्यालय के चेयरमैन ने इसकी पहल स्वयं से की है। जिससे हजारों अभिभावक भी प्रेरणा ले रहे हैं।

एसडी कैंपस में आयोजित इस समारोह में वधू पक्ष की ओर से करोड़ों रुपये की राशि व फर्नीचर तथा इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान देने की पेशकश की गई। जिसे जगदेव यादव ने अपने पूर्वजों व बुजुर्गों द्वारा स्थापित किए आदर्शों पर चलते हुए उक्त राशि व सामान ससम्मान वापस लौटा दिया। उन्होंने जैसे ही माइक से दहेज न लेने की घोषणा की त्यों ही पंडाल में इस निर्णय की चर्चाएं चल पड़ा। इस समारोह में नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह, विधायक कोसली अनिल यादव, अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह के अलावा विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी, क्षेत्र के सरपंच, पंच, नंबरदार उपस्थित थे।



कनीना। दहेज न लेने की घोषणा करते चेयरमैन जगदेव यादव। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, विकास यादव, गोविंद सिंह, छोटेलाल, दिनेश जेलदार, जेपी कोटिया चेयरमैन, कुलदीप यादव, राजपाल यादव, जवाहर सिंह दूहन, पवन सिंह तंवर, प्रमोद शास्त्री, मनीष राव, कृष्ण यादव, प्रदीप मालड़ा, डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ. कर्मवीर यादव, सुनील यादव, जितेंद्र यादव, कर्नल बृजकिशोर, सुमित कुमार, रामेश्वर दयाल, रामनिवास, वीरेंद्र दीक्षित सरपंच, कैलाश ठेकेदार करीरा, सुनील कुमार नंबरदार, सतीश आर्य, अतरलाल सहित हजारों नागरिक उपस्थित थे।

### डीटीपी की कार्रवाई के बावजूद कॉलोनाइजर व डीलर विकसित करने में लगे नई कॉलोनियां

# डीटीपी का एक्शन, चार एकड़ की अवैध कॉलोनी की जमींदोज

## पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को रेवाड़ी-झज्जर रोड की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर एक्शन लिया। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-झज्जर रोड पर गांव कुतुबपुर जागीर में पहुंची। डीटीपी की टीम ने करीब 4 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया।

■ डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में मची खलबली


रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी में कच्चे रोड का समतल करती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

### डीटीपी की इस कार्रवाई का नहीं हुआ विरोध

टीम ने अवैध कॉलोनी में 3 डीपीपी व प्रारंभिक चरण के कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

महिला उद्यमी के तहत 21 हजार रुपये की राशि से सम्मानित किया जाएगा

# महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड के मिलेंगे 5 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा। इन अवार्ड को पाने की इच्छुक महिलाएं 15 दिसंबर तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में आवेदन कर सकती हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड के तौर पर पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस अवार्ड के लिए नामांकित महिला का जन्म हरियाणा में होना चाहिए और महिलाओं के लिए विशेष कार्य किया हो। डीसी ने बताया कि सुषमा स्वराज अवार्ड के तहत 5 लाख रुपये की राशि, इंदिरा गांधी शक्ति महिला अवार्ड के तहत 1 लाख 50 हजार रुपये की राशि व कल्पना चावला शौर्य अवार्ड के तहत एक लाख रुपये की राशि से विजेता महिला को सम्मानित किया जाएगा। बहन शन्नो देवी पंचायती राज अवार्ड के तहत एक लाख रुपये की राशि, लाइफ टाइम अचीवर्स अवार्ड के तहत 51 हजार रुपये की राशि, एएनएम, नर्स, महिला एमपीडब्लयू के तहत 21 हजार रुपये की राशि और महिला खिलाड़ी के तहत 21 हजार रुपये की राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह सरकारी कर्मचारी के तहत 21 हजार रुपये की राशि, सामाजिक कार्यकर्ता अवार्ड के तहत 21 हजार रुपये की राशि और महिला उद्यमी के तहत 21 हजार रुपये की राशि से सम्मानित किया जाएगा।


रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।

## टूमना से दो भैंस व चार कटिया चोरी, केस दर्ज

कोसली। टूमना गांव में चोर सोमवार रात दो ग्रामीणों की दो भैंस व चार कटिया चोरी कर ले गए। ग्रामीण आशीष व रिंकु ने कोसली थाने में दी शिकायत में बताया कि अपने प्लाटों में छह पशु बांध रखे थे। प्रातः दोनों प्लाटों से सभी छह पशु गायब मिले। रात लगभग 2 बजे अज्ञात लोग भैंसों व कटियों को चुरा कर ले गए। पुलिस ने उनकी शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

■ पुलिस ने उनकी शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया

## खबर संक्षेप




### संगठन के विस्तार को लेकर जन शक्ति जागृति मंच की बैठक आयोजित

रेवाड़ी। जन शक्ति जागृति मंच की ओर से मंगलवार को जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई। जन शक्ति जागृति मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। संगठन की ओर से जरूरतमंद परिवारों की सहायता भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से बढ़ती ठंड में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व फुटपाथ पर जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर विजय सिंह यादव, कुलदीप सोनी, प्रकाश वर्मा, दीपिका, मंजू शर्मा, सावित्री यादव, मीनू शर्मा, रीना शर्मा, नेहा मोदी, सविता, राजेंद्र सिंह, उमा देवी, रमन यादव, रवि सरपंच, ललिता यादव व परमेश्वरी देवी मौजूद थे।




### शहर में स्वतंत्रता सेनानी डूंगरमल धानक के नाम से चौक की मांग

रेवाड़ी। धानक समाज जिला के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को सुभाष सोलंकी के नेतृत्व में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को स्वतंत्रता सेनानी डूंगरमल धानक के नाम से शहर में एक चौक का नामकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा। विधायक ने समाज कि कार्य को पूर्ण कराने में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डीएससी प्रधान विजय सिंह इंदौरा, कार्यकारी प्रधान भूप सिंह खरेरा, टीनू प्रधान, सोनू, देशराज डाबला, कुलदीप, देशराज खनगवाल, रवि कुमार, कमल कुमार, राजकुमार व ब्रह्मदत्त उपस्थित थे।



### एसडीएम ने विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्य के संबंध में ली बैठक

रेवाड़ी। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी 72-बावल व उपमंडल अधिकारी नागरिक बावल मनोज कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को 72-बावल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदाता सुपरवाइजरों से विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। एसडीएम मनोज कुमार ने बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के कार्यो के लिए मतदाता सुपरवाइजर और निर्वाचन से सम्बन्धित कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के दौरान आ रही समस्याओं के सम्बन्ध नम्बरदार और चौकीदार को निर्देश दिए कि गांव में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के कार्य के लिए बूथ लेवल अधिकारी के साथ उपस्थित रहे और बूथ लेवल अधिकारी को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 में पूर्ण रूप से सहयोग दे।



### विद्यार्थियों को योगिंग-जोगिंग सहित योग प्राणायाम का अभ्यास करवाया

रेवाड़ी। राजकीय माध्यमिक विद्यालय जाट भूरथल में योग प्राणायाम का अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। मौलिक मुख्याध्यापक प्रेमचंद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने योग प्राणायाम के अभ्यास सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को योगिंग-जोगिंग सहित योग प्राणायाम का अभ्यास कराकर योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग प्राणायाम के नियमित अभ्यास से हम अपने तन मन को स्वस्थ रख कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने योग प्राणायाम के साथ सूर्य नमस्कार, ताड़ासन व वृक्षासन सहित अनेक आसनों का अभ्यास कराया। मौलिक मुख्याध्यापक ने कहा कि नियमित रूप से की गई छोटी-छोटी योग क्रियाएं बड़ी से बड़ी बीमारियों को कोसों दूर रखती है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ जसबीर सिंह, जयमोहन शास्त्री, अजय कुमार, मिथलेश देवी, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, हरिसिंह आर्य व जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पीएम श्री गर्ल्स स्कूल की छात्राओं को यूनिफॉर्म ब्लेजर किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। छात्राओं को यूनिफार्म ब्लेजर भेंट करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पोस्को इंडिया पीसी कंपनी की ओर से सीएसआर फंड के तहत मंगलवार को छात्राओं को यूनिफॉर्म ब्लेजर वितरित किए गए। कार्यवाहक जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने कंपनी प्रतिनिधियों का इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार ने शिरकत की। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर क्वांग हो हा ने सहयोगी पत्र कार्यवाहक प्राचार्या मोनिका यादव को सौंपा। कार्यवाहक डीईओ राजेंद्र शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षण संस्थानों में सर्वांगीण विकास पर फोकस रख रही है, ऐसे में जिला के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में औद्योगिक इकाइयों द्वारा सामाजिक सहभागिता निभाकर विद्यार्थियों को प्रदत्त सुविधाओं में और इजाफा करते हुए सर्वांगीण विकास की दिशा में सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस सहयोग के लिए कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर क्वांग हो हा, एचआर हेड दीपक यादव, एचआर विभाग से संजय भारद्वाज, प्लांट हेड लविंग त्यागी, लीगल विभाग से प्रवीन चौरसिया, फाइनेंस से गिरीश और सेल्स से राजीव चौपड़ा का आभार व्यक्त किया।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर बीईओ राजेश वर्मा, प्रवक्ता पूनम यादव, अनिल यादव, संयोगिता, मनोज कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य व छात्राएं मौजूद रही।

### एमबीए परीक्षा डेट शीट में बदलाव को परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में एमबीए डिपार्टमेंट की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर जारी डेट शीट से असंतुष्ट विद्यार्थियों ने मंगलवार को छात्र नेता रवि मसीत के नेतृत्व में परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर रवि मसीत ने कहा कि आईजीयू की ओर से पहले जारी की गई डेट शीट में सभी एग्जाम बिना अवकाश के थे, ऐसे में परीक्षा में बीच में छुट्टियां न होने से विद्यार्थियों के लिए तैयारी करना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में एग्जाम के बीच में छुटियां न होने से रोष था। परीक्षा नियंत्रक से मिलने के बाद अथॉरिटी को विद्यार्थियों की मांग को मानना पडा और डेट शीट में बदलाव की सहमति बनी। इस मौके पर अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।


रेवाड़ी। रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## राजिंदर आश्रम में लगे कैंप में 40 यूनिट ब्लड एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरिभूमि न्यूज.

सावन कृपाल रूहानी मिशन की ब्रांच राजिंदर आश्रम दिल्ली रोड में दयाल पुरूष संत दर्शन सिंह महाराज एवं मौजूदा संत राजिंदर सिंह महाराज का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान कृष्ण गोपाल यादव के नेतृत्व में ध्यान की कार्यशाला लगाई गई। बाल सत्संग के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें करीब 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रोहतक से सत्संग कर्ता सतबीर सैनी ने महापुरुषों की वाणी लेकर संगत को रूह को उबारने वाला सत्संग फरमाया। सत्संग उपरांत सभी ने संगत लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर उपप्रधान काशीराम, सचिव पुरूषोत्तम शर्मा, खजांची सुभद्रा यादव, सदस्य मामन सिंह सैनी, कुलवंत यादव, लाल सिंह, साहिल,अमन सैनी, शालिनी सैनी, मधु सैनी, प्रवीना शर्मा, कांता सैनी, आकाश, राजेश, लोधाना आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सफल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन देना था। सत्र की शुरूआत में इंद्राज ने विद्यालय के स्टाफ और छात्राओं का अभिनंदन किया। इस मौके पर अमित शर्मा विभागाध्यक्ष ने छात्राओं को शैक्षणिक प्रगति और करियर योजना पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा लक्ष्य निर्धारण और केंद्रित तैयारी के महत्व पर जोर दिया। डा. विनीत शर्मा जीवविज्ञान विभागाध्यक्ष ने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ता और सतत सीखने पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। रेखा छात्र परामर्शदाता ने छात्राओं को अच्छा इंसान बनने तथा चरित्र निर्माण के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## बेरली कलां को रीऑर्गेनाइजेशन की मंजूरी मिली

रेवाड़ी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रीमंडल की बैठक में रेवाड़ी सहित छह जिलों महेंद्रगढ़, यमुनानगर, फरीदाबाद, सिरसा और झज्जर के 17 गांवों को एक तहसील-सब-तहसील से दूसरी तहसील-सब-तहसील में बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि भौगोलिक दूरी और प्रशासनिक सुविधाओं को देखते हुए नागरिक सेवाओं में तेजी लाने और उन्हें अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रेवाड़ी जिला के बेरली कलां गांव को पाल्हावास सब-तहसील सेरेवाड़ी तहसील में ट्रांसफर करने की सिफारिश की है।

# सुधराना के मुख्य मार्ग पर जलभराव और गड्ढों से ग्रामीणों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

गांव सुधराना के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण राहगीरों और स्थानीय लोगों को रोजाना भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कोसली-लिलोढ़ मार्ग से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। जलभराव के कारण सड़क पर गड्ढे बन गए हैं। आसपास के घरों का गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है। पानी निकासी की कोई व्यवस्था न होने से समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कोसली नगर सेवक एवं हरियाणा बजरंग दल के नेता विकास शर्मा ने बताया कि मुख्य मार्ग की हालत बेहद दयनीय है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रही है, जबकि ग्रामीण पिछले कई दिनों से समाधान की मांग कर रहे हैं। जब इस संबंध में गांव के सरपंच से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि ग्रांट की कमी के कारण पानी निकासी के लिए आवश्यक कार्य नहीं करा पा रहे हैं। कालूराम, सोनू, राकेश, नरेश यादव व रवि कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जलभराव की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।


रेवाड़ी। जमा पानी से जर्जर अवस्था में सड़क। फोटो : हरिभूमि

समस्या | रेजांगला युद्ध में शामिल रहे कैप्टन रामचंद्र का किया सम्मान

# मोहनपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित, डीसी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला प्रशासन की ओर से बावल विस के गांव मोहनपुर में सोमवार रात्रि जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी अभिषेक मीणा ने एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी व एसडीएम मनोज कुमार सहित विभागीय अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की शिकायतें सुनकर मौके पर ही समाधान किया। डीसी ने गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझाव भी सुने। इस अवसर पर डीसी ने रेजांगला में शहीद हुए वीर जवान जयसिंह यादव की प्रतिमा पर नमन किया। वहीं रेजांगला युद्ध में शामिल रहे कैप्टन रामचंद्र का सम्मान किया। इस मौके पर डीसी मीणा ने कहा कि जिले में समाधान शिविर व रात्रि ठहराव कार्यक्रम का सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारी लोगों के घर द्वार पर जाकर उनकी समस्याएं सुनकर समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। डीसी ने कहा कि कई समस्याओं का निवारण स्थानीय स्तर पर आपसी भाईचारे से भी संभव होता है। ऐसे में ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्रामीण विकास में सहभागी बनते हुए ऐसी समस्याओं का स्वयं निपटान कराकर भाईचारे की मिसाल कायम करें। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में मोहनपुर के अलावा आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने सड़क, जल निकासी, फसल बीमा, बिजली, आंगनबाड़ी भवन व बस चलवाने से संबंधित कई समस्याएं रखी। डीसी ने शिकायतों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देकर कई समस्याओं का तुरंत समाधान कराया। ग्राम पंचायत की ओर से प्रस्तुत मांग पत्र पर भी डीसी ने अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीसी अभिषेक मीणा।

### योजनाओं की स्टॉल लगाकर दी जानकारी

कार्यक्रम में मोहनपुर में विभिन्न विभागों ने अपनी स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डीडीपीओ एचपी बंसल, बीडीपीओ शुभम, तहसीलदार रमन कुंडू, नायब तहसीलदार श्याम सुंदर व सरपंच ओमप्रकाश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।